Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005
Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

an>

Title : Need to take steps for providing accommodation to the employees of Bokaro Steel Plant, Jharkhand.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, सेल, स्टील ऑथरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधीन बोकारो स्टील प्लांट, बोकारो स्टील सिटी इकाई झारखंड प्रांत में अवस्थित है। वहां पर राज्य सरकार के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा वर्ों से बोकारो स्टील प्लांट के आवास में रहने के चलते प्लांट में कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवास का सुविधा मिलने में कठिनाई हो रही है, जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में भारी रोा व्याप्त है। राज्य सरकार के द्वारा आवास बन जाने के बावजूद भी वे बोकारो स्टील के आवास में रह रहे हैं तथा बोकारो स्टील के द्वारा आवास भाड़ा का बिल देने के बावजूद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे बोकारो स्टील का राज्य सरकार पर आवास भाड़ा करोड़ों रूपये में हो गया है।

अतः बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मिलने वाले आवास के कठिनाइयों को देखते हुए तथा करोड़ों रूपये के भुगतान करने एवं आवास वापस दिलाने के लिए मैं सरकार का ध्यान आकृट करता हूं।